धूमधाम से मनाई गई इच्छापूर्ति मंदिर मैहर की आठवीं वर्षगांठ

नवभारत न्यूज

मैहर 27 फरवरी, केजेएस सीमेंट मैहर की आवासीय कॉलोनी परिसर में स्थित सुप्रसिद्ध इच्छापूर्ति मंदिर की आठवीं वर्षगांठ का दो दिवसीय समारोह हवन-पूजन, प्रसाद वितरण व भंडारे के साथ धूमधाम से मनाया गया।

वाराणसी से पंडित गोपाल कृष्ण राजा पांडे के नेतृत्व में आए 11 पंडितों ने कंपनी के चेयरमैन पवन अहलूवालिया की जजमानी में वैदिक पद्धति से हवन-पूजन कराया। श्री अहलूवालिया की धर्मपत्नी श्रीमती इंदु अहलूवालिया, पुत्री शिवांगनी एवं कंपनी के महाप्रबंधक बीके त्रिपाठी ने भी हवन-पूजन में भाग लिया। इच्छापूर्ति मंदिर के बगल में बनी स्फटिक यज्ञ शाला व पूजा पंडाल में आसीन विद्वान पंडितों के श्रीमुख से वैदिक मंत्रों के उच्चारण का सतत प्रवाह यहां चलता रहा। मंदिर में क्रेन की मदद से आठवीं बार नए ध्वज लगाए गए। हर वर्षगांठ पर इन्हें बदला जाता है। भंडारा प्रसाद के साथ दो दिवसीय पूजन समारोह का समापन हुआ। केजेएस के कार्यकारी निदेशक कर्नल (रिटा) नीरज वर्मा के निर्देशन में सीओओ राजेश बैरागी एवं एचआर प्रमुख संजय पांडेय ने अपने सहयोगियों के माध्यम से मंदिर परिसर की भव्य साजसज्जा एवं पूजन अर्चन की समुचित व्यवस्था की। केजेएस सीमेंट का कई एकड़ जमीन पर बना यह मंदिर अब दूर-दूर तक अपनी भव्यता व रमणीकता के लिए प्रसिद्ध हो गया है। यहां पृथक-पृथक कक्ष में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण, श्वेत स्फटिक से निर्मित शिवलिंग, श्री राम दरबार एवं हनुमान जी की दिव्य प्रतिमाएं प्रतिष्ठित हैं जबकि मुख्य गर्भगृह में सिंह वाहिनी मां दुर्गा जी विराजमान हैं। केजेएस सीमेंट के जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा ने बताया कि मंदिर प्रात:काल 7 बजे से 12 बजे तक एवं शाम के समय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक आम जनों के लिए खुला रहता है।

भाजपा को पूरी जनता से माफी मांगनी चाहिए : राजाराम

▶ मुझे गर्व है की मैं ईमानदार पार्टी का सिपाही हूं

नवभारत न्यूज

बरौंधा 27 फरवरी, आप नेता राजाराम यादव ने कहा कि भाजपा को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए जिस तरह से एक ईमानदार दिल्ली सैड पूरे देश के बेटे केजरीवाल को बदनाम करने का जो काम किया गया है.

इससे भाजपा का असली चेहरा कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल सहित सभी दोषियों को दोष मुक्त करके भाजपा सरकार की कथनी करनी को उजागर किया है कैसे एक ईमानदार बेटे को विभिन्न एजेंसियों का दुरुपयोग करके बदनाम करने की जो साजिश रची गई है, कोर्ट ने उस साजिश को नाकाम कर दिया और दिल्ली के लाल को दोष मुक्त

कर दिया। श्री यादव ने आगे कहा कि अब पूरा देश जान चुका है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के लाल का दिल बिल्कुल साफ है वह एक हीरा है, हीरे को कोयले की खान मे डालने से उसे काला नही किया जा सकता। आप सबने देखा कि भाजपा की खड्यंत्रकारी नीतियां किस तरह से अरविंद केजरीवाल को बदनाम करने का काम कर रही थी, पर दिल्ली का लाल डरा नही लड़ता रहा और साबित कर दिया कि सच कभी-कभी सो जाता है पर मरता नही ऐसी मिसाल आम आदमी पार्टी के क्रांतिकारी वीरों ने अपने हौसले को रखते हुए बिना डरे डटकर सामना किया और आज जीत गया, अहंकारी हार गया।

बाईपास सड़क और पुलिया निर्माण में तालाब की मिट्टी का उपयोग

पुलिया के निर्माण में 2 एम एम छड़ से बन रही पुलिया

नवभारत न्यूज

मुकुन्दपुर 27 फरवरी, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में तालाब की मेंढ़ पर से बाईपास सड़क निर्माण में ठेकेदार की तानाशाही से तालाब की मिट्टी और तालाब की मेंढ़ की मिट्टी से सम्पूर्ण बाई पास बन रही है इतना ही नहीं सभी पुलियों में 2 एम एम की छड़ से पुलिया का निर्माण पूरा किया जा रहा है।

तो जरा सोचिए 2 एम एम की छड़ से बन रही पुलिया कब तक चलेगी कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है । वहीं तालाब में कई जगहों पर भारी खुदाई कर निकाली गई मिट्टी से काफी गहराई हो गई है जिससे बरसात के दिनों अचानक कोई बड़ी घटना घट सकती है।

आज भी उक्त तालाब में उक्त ठेकेदार के कारण पांच छ: फुट अचानक गहराई हो गई है जिससे मवेशियों और अनजान व्यक्ति की जान जाने का खतरा बना हुआ है। विभाग के मीनू के मुताबिक उक्त निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा।इसी के चलते कहीं पर भी बोर्ड वगैरह नहीं लगे हैं।साथ हीं किसी को यह पता न लगा सके कि उक्त निर्माण में ठेकेदार कौन है किस विभाग के किस मद से बनाई जा रही है स्वीकृति राशि और टीएस वगैरह का पता न लगे। इसमें जिस विभाग से भी उक्त सड़क निर्माण हो रहा है उस विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से उक्त निर्माण घटिया किस्म का बन रहा है। इसीलिए विभाग के अधिकारियों ने बोर्ड की अनदेखी कर रहे हैं।

ग्रामीणों ने उक्त संबंध में दूरभाष के माध्यम से नायब तहसीलदार ताला और तहसीलदार अमरपाटन, एसडीएम अमरपाटन, कलेक्टर मैहर का ध्यान आकर्षित कराये किन्तु कहीं से भी उक्त ठेकेदार के ऊपर किसी तरह से कार्यवाही न होने के कारण उक्त ठेकेदार अपनी मनमानी रवैया से बाज नहीं आ रहा है।

नीति आयोग के परामर्शदाता ने योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी

नवभारत न्यूज

मझगवां 27 फरवरी, आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग, भारत सरकार की परामर्शदाता सांदल अग्रवाल ने शुक्रवार 27 फरवरी 2026 को विकासखंड मझगवां का दौरा कर शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में विकासखंड स्तर के सभी विभाग प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सम्पूर्णता अभियान 2.0 के मुख्य संकेतकों जैसे 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों का पोषण आहार वितरण, ग्रोथ मॉनिटरिंग, आंगनबाड़ी भवनों में शौचालय व पेयजल की स्थिति,

विद्यालयों में बालिका शौचालय और गोवंश टीकाकरण की विस्तृत समीक्षा की गई।

परामर्शदाता ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ इन संकेतकों को शत-प्रतिशत लक्ष्य सेचुरेट तक पहुँचाने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने सी.एम. राइज हायर सेकेंडरी विद्यालय मझगवां का निरीक्षण कर वहां बालिका शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था को देखा और आवश्यक सुधार हेतु सुझाव दिए। इस अवसर पर बीआरसी जगतेंद्रमणि त्रिपाठी, परियोजना अधिकारी रीता द्विवेदी, करुणा पाण्डेय, बीपीएम सत्य नारायण बागरी, बीसी एसबीएम अशोक परौहा, बीपीओ छोटेलाल शुक्ला, एबीपी फेलो दुर्गेश त्रिपाठी सहित विकासखंड के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

मैहर में आशा बहनों की कमान सुषमा द्विवेदी ने संभाली

▶ म प्र लघुवेतन कर्मचारी संघ (आशा कार्यकर्ता प्रकोष्ठ) की जिलाध्यक्ष बनीं, संघर्ष को मिलेगी नई ताकत

नवभारत न्यूज

मैहर 27 फरवरी। मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ (आशा कार्यकर्ता प्रकोष्ठ) ने मैहर जिले की कमान सुषमा द्विवेदी को सौंपी है। उन्हें मैहर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब पूरे प्रदेश में आशा कार्यकर्ताएं मानदेय की अनियमितता, बकाया एरियर, कटौती और वार्षिक वृद्धि न मिलने के खिलाफ आंदोलनरत हैं।

मैहर, अमरपाटन, रामनगर जैसे इलाकों में पिछले कई महीनों से बकाया वेतन नहीं मिलने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना-प्रदर्शन और यहां तक कि मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखने जैसी घटनाएं हो चुकी हैं।

सुषमा द्विवेदी , जो पहले से ही संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रही थीं, अब मैहर जिले की आशा बहनों की आवाज को और मजबूती से उठाएंगी।

मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रमाकांत मिश्रा ने इस नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, सुषमा द्विवेदी की मैहर जिले की जिलाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति बहुत ही स्वागतयोग्य और समयानुकूल है। वे लंबे समय से

आशा बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्षरत रहीं हैं। उनका अनुभव, जुझारूपन और समर्पण अब मैहर जिले की हजारों आशा कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा और नई उम्मीद लेकर आया है। हमारा संगठन पूरे प्रदेश में समय पर पूरा मानदेय, सभी बकाया एरियर का क्लियरेंस, केंद्र-राज्य की घोषित वृद्धि (जैसे वार्षिक ?1000 सहित अन्य इंसेंटिव) और अनुचित कटौतियों को रोकने की मांग को लेकर लड़ रहा है। सुषमा जी के नेतृत्व में मैहर में यह लड़ाई और तेज होगी। प्रशासन से अपील है कि आशा बहनों की मांगों पर जल्द ठोस कार्रवाई हो, अन्यथा आंदोलन और व्यापक रूप ले सकता है। आशा कार्यकर्ताएं ग्रामीण स्वास्थ्य की रीढ़ हैं, उनकी उपेक्षा से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी। हम सब मिलकर न्याय दिलाएंगे?।

संगठन की अपील और उम्मीद

नियुक्ति के बाद सुषमा द्विवेदी ने कहा कि आशा बहनें ग्रामीण स्वास्थ्य की रीढ़ हैं, लेकिन उन्हें समय पर पूरा मानदेय, एरियर क्लियरेंस, केंद्र-राज्य की घोषित वृद्धि और कटौती रोकने की मांग लंबे समय से है। अब मैहर जिले में संगठित होकर इन मांगों को तेज किया जाएगा। मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति को स्वागतयोग्य बताया। उन्होंने कहा कि सुष्मा जी का अनुभव और जुझारूपन आशा कार्यकर्ताओं के लिए नई उम्मीद लेकर आया है।

ग्रामीण स्वास्थ्य पर संकट की आशंका

यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और तेज हो सकता है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, प्रसव सहायता जैसी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। आशा बहनों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द समाधान निकाला जाए।

घुनवारा केंद्र में शांति पूर्ण ढंग से चल रहीं हैं बोर्ड परीक्षाएं

नवभारत न्यूज

अमदरा 27 फरवरी, शुक्रवार दिनांक 27 फरवरी 2026 को माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल, घुनवारा स्थित परीक्षा केंद्र पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं बोर्ड विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण, एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुई।

परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समयानुसार परीक्षार्थियों का प्रवेश कराया गया तथा सघन जांच के उपरांत उन्हें कक्षाओं में बैठाया गया। पूरे परीक्षा अवधि में अनुशासन एवं गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा गया। परीक्षा के दौरान ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पैनल द्वारा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय परीक्षा कक्षों, प्रश्नपत्र वितरण व्यवस्था, उपस्थिति पत्रक, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने समस्त व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया और केंद्र पर अपनाई गई पारदर्शी एवं व्यवस्थित प्रक्रिया की सराहना की। निरीक्षण उपरांत केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष तथा कलेक्टर प्रतिनिधि ने परीक्षा संचालन में लगे समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा रही।

संगठन तंत्र को मजबूत करने के लिए किया समर्पण

नवभारत न्यूज

नागौद 27 फरवरी, भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेयजी के मार्गदर्शन में संगठन की शक्ति ,संगठन का समर्पण एवं कार्यकर्ता का समर्पण तथा जन समर्थन के साथ भारतीय जनता पार्टी के मूल मंत्र चरैवेति चरैवेति की परिकल्पना को साकार करते हुए आर्थिक सुचिता एवं स्वालंबन हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के नागौद विधानसभा के पूर्व मंडल महामंत्री एवं ग्राम पंचायत रहिकवारा के सरपंच प्रकाश कुमार द्विवेदी ने भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के नाम से भारतीय जनता पार्टी जिला सतना को समर्पण निधि का 5000 का चेक भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) को सौंपा

श्रीमती अरुणा सिंह का निधन

नागौद 27 फरवरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह के अनुजश्री ऋतुराज सिंह सेवानिवृत्ति कृषि विस्तार अधिकारी की धर्मपत्नी श्रीमती अरुणा सिंह का निधन हो गया है वह बीते कुछ समय से बीमार थी बिकरा में 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा ।

नाना जी की पुण्यतिथि पर ग्रामोदय विवि में हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

▶ ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नाना जी विचार केंद्र और नाना जी पीठ स्थापित होगी : प्रो आलोक चौबे, कुलगुरु

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 27 फरवरी । भारत रत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नाना जी उपवन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के नेतृत्व में ग्रामोदय परिवार ने नाना जी के चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर बाल्मीकि सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि नाना जी के विचारों और कार्यों का लाभ प्रदेश सहित देश-विदेश तक भी पहुँचे, इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय में "नाना जी देशमुख विचार केंद्र" एवं "नाना जी पीठ" की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल ग्रामोदय से विश्वोदय की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी। प्रो. चौबे ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना नाना जी देशमुख की परिकल्पना पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा की गई थी और उन्हें संस्थापक कुलाधिपति नियुक्त किया गया था। ग्रामीण पुनर्निर्माण, सामाजिक समरसता और स्वावलंबन के उनके आदर्श आज भी विश्वविद्यालय की अकादमिक, शोध एवं प्रसार गतिविधियों का आधार हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के जीवन दर्शन से प्रेरित नाना जी देशमुख ने महात्मा गांधी को शाश्वत प्रेरणास्रोत मानते हुए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की संकल्पना की थी। आज विश्वविद्यालय उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, चिंतन और नवाचारों को आत्मसात करते हुए ग्रामोदय से विश्वोदय की दिशा में चिंतन एवं प्रयास प्रारंभ कर चुका है। कुलगुरु ने विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे नाना जी के आदर्शों को अपने जीवन और कार्य में उतारें—यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन प्रो. ललित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस. के. चतुर्वेदी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कोठी थाना में शांति समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

कोठी 27 फरवरी, कोठी थाना परिसर पर आगामी होली एवं रंग के त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।

जिसमें थाना प्रभारी ने उपस्थित सभी जनों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी नगरवासी एक जवाबदार व्यक्ति हैं और सभी हालातों को समझते हैं आपका ही त्यौहार है और आप सभी के लिए ही है आप सभी आनंद के साथ त्योहार मनाए परंतु इस रंग के त्यौहार में कोई किसी प्रकार की समस्या ना आए और रंग में भांग ना हो इसका सभी ख्याल रखें उन्होंने सभी को इस बात के लिए बैठक में विशेष रूप से निर्देशित किया इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मयंक तिवारी नगर परिषद कोठी की अध्यक्ष सुखवंती बाई बुनकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष राम जी गुप्ता कोठी के वार्ड पार्षद हाजी मोहम्मद इकराम, आशीष सिंह, विवेक पाठक, राजबहादुर सिंह, राजेंद्र त्रिपाठी ,पीयूष अग्रवाल ,बृजेश गर्ग सोनू सहित अन्य नगर के गाना नागरिक व्यापारी एवं जन मौजूद रहे । इस दौरान कोठी के व्यापारी संघ के अध्यक्ष राम जी गुप्ता ने होली पर्व के दूसरे दिन 3 मार्च को होने वाले कवि सम्मेलन की जानकारी थाना प्रभारी को दी उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का शासन दिया थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस की ओर से दी जाने वाली सभी सहायताएं दुरुस्त रहेगी परंतु आप सबके सहयोग से ही शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाया जा सकता है।

भारत रत्न नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह

स्वावलंबन अभियान 2 .0 का शुभारंभ, स्वावलंबन शपथ का हुआ वाचन, युग दृष्टया और युग मनीषी थे राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख : राजगुरु प्रपन्नाचार्य

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 27 फरवरी, भारत रत्न नानाजी देशमुख की 16 वीं पुण्यतिथि पर दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा दीनदयाल परिसर चित्रकूट में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित की गई.

श्रद्धांजलि समारोह में पूज्य बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज आचार्य आश्रम चित्रकूट, डॉ आर के सिंह पटेल पूर्व सांसद बाँदा एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, अनूप मिश्रा पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश, योगेश ताम्रकार महापौर सतना, अनिल जैन कालुहेडा विधायक उज्जैन उत्तर, वी एस जामोद आयुक्त रीवा संभाग, प्रो. ए डी एन बाजपेयी कुलपति अटल विहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय विलासपुर, प्रो. राजेंद्र कुरारिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, डॉ अरविंद कुमार शुक्ल कुलगुरु राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि

विश्वविद्यालय ग्वालियर, डॉ. राजवीर सिंह उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिसद, डॉ आई पी त्रिपाठी कुलगुरु छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय, डॉ. एम आर के सिंह निदेशक अटारी जबलपुर, पदमश्री उमाशंकर पांडेय, प्रो. भरत मिश्र पूर्व कुलगुरु महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, पुष्पराज सिंह परिहार सामाजिक कार्यकर्ता सीधी एवं दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी, उपाध्यक्ष अतुल जैन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित तथा कलेक्टर सतना डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह द्वारा नानाजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर पिछले तीन दिनों में संपन्न हुए अलग अलग सेमिनारों की रिपोर्टिंग सेमिनार के समन्वय डॉ मनोज त्रिपाठी, डॉ राजेंद्र सिंह नेगी, डॉ नवीन शर्मा, डॉ दीपेश मिश्रा, डॉ पंकज शर्मा, अनिल सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। संचालन सीईओ अमिताभ वशिष्ठ द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले द्वारा दिया गया।

उन्होंने कहा कि नानाजी ने समग्र विकास के लिए अनेक सफल प्रयोग किये हैं ग्राम वासियों की पहल, पुरुषार्थ और सहभागिता से संचालित कार्यक्रमों का लाभ चित्रकूट के साथ देश के अन्य हिस्सों को भी मिल रहा है। नानाजी परंपरागत ज्ञान एवं आधुनिक ज्ञान को समावेश कर युगानुकूल सामाजिक पुनर्रचना के पक्षधर थे। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो एडीएन वाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाना जी का व्यक्तित्व सर्व समावेशी था। मैं 2003 में एपीएस विश्वविद्यालय रीवा का कुलपति होने के बाद श्रद्धेय नाना जी के मार्गदर्शन से मुझे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति का भी प्रभार मिला और नाना जी के ग्राम विकास के प्रयोगों को नजदीकी से देखने का अवसर मिला।

रीवा कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि नानाजी ने भौतिक चकाचौंध को छोड़कर चित्रकूट जैसे पिछड़े क्षेत्र में अपनी प्रयोगशाला बनाई और पीड़ति, उपेक्षित लोगों के विकास के लिए विविध प्रकल्पों के माध्यम से सर्वांगीण विकास का प्रयोग करके दिखाया। ऐसे देव तुल्य व्यक्तित्व को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पुष्प अर्पित करता हूं। श्रद्धांजलि समारोह के अवसर पर स्वावलंबन अभियान 2.0 की प्रस्तावना रखते हुए दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने बताया कि नानाजी ने जब 26 जनवरी 2002 को चित्रकूट के ग्रामों में स्वावलंबन अभियान की शुरुआत पांच प्रमुख बिंदुओं जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, हराभरा विवाद मुक्त ग्राम की कल्पना को शामिल किया था, अब आधुनिकता के आधार पर स्वावलंबन अभियान 2.0 %शाइन% के रुप में शुरुआत करने का प्रयास किया जा रहा है।